भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **2970**
दिनांक 5 दिसम्बर, 2019 / 14 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तनों का उन्नयन

2970. श्री सुनील कुमार पिन्टू:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में, विशेष रूप से बिहार में विमानपत्तनों के उन्नयन के लिए गत तीन वर्षों के दौरान कितनी निधि प्रदान की गई है; और

(ख) दरभंगा विमानपत्तन के संचालन एवं उन्नयन के लिए उक्त अवधि के दौरान अब तक कितनी निधि प्रदान की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने देशभर में अपने विभिन्न हवाईअड्डों पर पिछले तीन वर्ष के दौरान उन्नयन/आधुनिकीकरण कार्यों तथा अन्य सम्बद्ध कार्यों पर 8855.82 करोड़ रुपये व्यय किए हैं और समान अवधि के दौरान, बिहार के लिए 133.62 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं।

(ख): दरभंगा हवाईअड्डे के विकास के लिए बजट वर्ष 2019-20 में भाविप्रा ने 54 करोड़ रुपये की राशि निश्चित की है।

*****